C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:59 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 76 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 8 सितम्बर 2025

शाहरुख के बाद किंग के सेट से सुहाना ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### कोबरा के डंसने से 9 वर्षीय बालक की मौत

**रामनगर।** गोजानी में एक दर्दनाक हादसे में कोबरा सांप के डंसने से 9 वर्षीय बालक अनस पुत्र अफजाल खान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अनस नहा कर कपड़े लेने के लिए तख्त पर चढ़ा तो नीचे रखे जूते के डब्बे में छिपे कोबरा ने उसे डंस लिया। परिजन बच्चे को लेकर तत्काल संयुक्त चिकित्सालय रामनगर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। बाजपुर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सेव द स्नेक सोसाइटी की टीम मौके पर पहुंची और तख्त के नीचे छिपे कोबरा को सुरक्षित रेस्क्यू किया। बच्चे की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### पीरूमदरा में हादसा संभल एसडीएम की पत्नी गंभीर रूप से घायल

**रामनगर।** पीरूमदारा चौराहे पर शनिवार की देर रात डिवाइडर से टकराकर एसडीएम संभल की कार पलट गई। जिसमें संभल के एसडीएम विकास चंद्र और उनकी पत्नी डॉ. दीक्षा शर्मा घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कार खुद एसडीएम चला रहे थे और उनके साथ पत्नी डॉ. दीक्षा, जो टीएमयू हॉस्पिटल मुरादाबाद में आई सर्जन के पद पर कार्यरत हैं, भी मौजूद थीं। हादसे के बाद पुलिस व स्थानीय लोग घायलों को तुरंत बाबा नीम करौली मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डायरेक्टर डॉ. सिद्धार्थ शर्मा और उनकी टीम ने प्राथमिक उपचार दिया। एयरबैग खुलने से एसडीएम को मामूली चोटें आईं, जबकि डॉ. दीक्षा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उनकी हालत नाजुक देखते हुए उन्हें रेफर कर मुरादाबाद और बाद में दिल्ली भेजा गया। जहां डॉ सिद्धार्थ देवदूत बनकर सामने आए हैं हादसे के बाद एसडीएम दंपति को हॉस्पिटल पहुंचाने पर डॉ सिद्धार्थ शर्मा और उनकी टीम ने बिना देर किए उपचार शुरू किया। समय रहते दी गई चिकित्सकीय मदद ने दोनों की जान बचा ली।

## ब्लड मून: तीन घंटे से अधिक रही चांद पर धरती की छाया

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



चंद्र ग्रहण 2025 के दौरान देशभर में ब्लड मून देखा गया। ग्रहण के दौरान चांद पर पृथ्वी की छाया 3 घंटे से अधिक समय तक रही। अलग-अलग शहरों में लोग इस खगोलीय घटना के साक्षी बने। रक्तिम चंद्रमा की छवि को लोगों ने अपने कैमरे में भी कैद किया।

खगोलीय घटनाओं को वैज्ञानिक नजरिए से देखने-समझने का अभ्यास करने वाले लोगों के लिए चंद्र ग्रहण धर्म से इतर भी गूढ़ अर्थ रखता है। आज साल 2025 के अंतिम चंद्र ग्रहण के दौरान देशभर में %ब्लड मून% देखा गया। लगभग तीन साढ़े घंटे से अधिक समय तक चांद पर धरती की छाया पड़ती रही। चंद्रग्रहण की पूरी अवधि में पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच रही और चांद पर सूर्य का प्रकाश सीधे नहीं पड़ा। देशभर से इस खगोलीय घटना की तस्वीरें सामने आई हैं। दिल्ली-एनसीआर, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम और चेन्नई जैसे शहरों से चांद और ब्लड मून की अलग-अलग छवियां सामने आईं। चंद्रग्रहण भारत के अलावा यूएई, चीन और पाकिस्तान से भी देखा गया। लाखों लोग रविवार को पूर्ण चंद्रग्रहण की दुर्लभ खगोलीय घटना के साक्षी बने। इस साल का दूसरा और आखिरी चंद्रग्रहण रात 9:57 बजे से 1:26 बजे तक रहा। वैज्ञानिकों ने बताया, रात 11:01 से 12ः23 बजे तक 82 मिनट पूर्ण चंद्रग्रहण रहा। इस दौरान ब्लड मून यानी चंद्रमा सुर्ख लाल दिखा। खबरों के मुताबिक दुनिया के लगभग 77 फीसदी हिस्से में चंद्रग्रहण देखा गया। भारत समेत ब्रिटेन, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये जैसे देशों में भी चंद्रग्रहण देखा गया। लाखों खगोल विज्ञान प्रेमियों ने चांद पर पड़ती धरती की छाया को देखा और सौरमंडल की अनोखी घटना के साक्षी बने। वैज्ञानिकों के मुताबिक एशिया और ऑस्ट्रेलिया से देखने वालों के लिए यह सबसे अच्छा अनुभव रहा होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि चंद्र ग्रहण चंद्रमा के पेरिगी पर पहुंचने से ठीक 2.7 दिन पहले होने के कारण खास रहा। इस कारण चांद अपने सामान्य आकार से थोड़ा बड़ा दिखाई दिया। पेरिगी कक्षा की उस बिंदु को कहते हैं जहां पहुंचने के बाद चंद्रमा पृथ्वी के सबसे करीब आ जाता है।

रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर सख्ती सही

## भारत पर ट्रंप के मनमाने टैरिफ को लेकर जेलेंस्की का समर्थन

नई दिल्ली
एजेंसी



यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से लगाए जा रहे मनमाने टैरिफ का समर्थन किया है। उनका ये बयान रूस की तरफ से यूक्रेन पर एक साथ 800 ड्रोन और 10 से ज्यादा मिसाइलों के हमले के बाद आया है।

6 अगस्त की रात रूस ने यूक्रेन पर युद्ध का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस से व्यापार जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ और अन्य सख्त प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की से पूछा गया कि चीन में पीएम नरेंद्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर उनका क्या कहना है और क्या उन्हें लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत पर टैरिफ लगाने की योजना उलटी पड़ सकती है? इस पर जेलेंस्की ने कहा, रूस के साथ सौदे जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ लगाना सही विचार है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी पोस्ट करते हुए कहा कि रूस की आक्रामकता को रोकने के लिए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम जरूरी हैं। उन्होंने कहा, रूस और उससे जुड़े व्यक्तियों पर सख्त प्रतिबंध, टैरिफ और व्यापार पर रोक लगनी चाहिए। रूस को आर्थिक रूप से नुकसान महसूस होना चाहिए, तभी दुनिया को असली नतीजे दिखाई देंगे। इसी बीच रूस ने शनिवार रात यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 800 से ज्यादा ड्रोन और 13 मिसाइलें दागी गईं, जिनमें 4 बैलिस्टिक मिसाइलें थीं। इसके कारण राजधानी कीव में 11 घंटे तक लगातार एयर-रेड सायरन बजते रहे। वहीं इस हमले में कई आवासीय इमारतों पर ड्रोन हमले हुए, जिनमें एक बच्चे समेत कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, कैबिनेट ऑफ मिनिस्टर्स की इमारत पर हमला हुआ, जिससे ऊपरी मंजिलों पर भीषण आग लग गई। शुरुआती रिपोर्टों में दावा किया गया कि कुछ ड्रोन बेलारूस की दिशा से यूक्रेन में दाखिल हुए।

## ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर पर दोस्ती के बाद 14 लाख की ठगी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



एक व्यापारी को ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर पर दोस्ती के बाद प्यार और शादी का झांसा देकर साइबर ठगों ने 14 लाख रुपये से अधिक की चपत लगा दी।

महिला ने खुद को पेशेवर ट्रेडर बताया और हाई प्रॉफिट का लालच देकर कारोबारी को फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट पर निवेश कराने को मजबूर किया। पीड़ित की शिकायत पर हल्द्वानी पुलिस ने मामला दर्ज कर इसे साइबर क्राइम सेल को सौंप दिया है. फिलहाल मामले की जांच की जा रही है. पीड़ित को ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए उकसाने के बाद चपत लगाई है।

पीड़ित व्यापारी का कहना है कि उसकी टिंडर पर एक युवती से बातचीत शुरू हुई, जिसने अपना नाम रिचा बताया जल्द ही दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई और रिचा ने शादी का प्रस्ताव रख दिया लेकिन एक शर्त के साथ अगर आप मेरे साथ ट्रेडिंग करेंगे तभी में शादी करूंगी। युवती ने कारोबारी को बताया कि वह हर दिन ट्रेडिंग से लाखों रुपये कमा रही है और उसे भी इसी प्लेटफॉर्म पर निवेश करने को कहा। रिचा ने कारोबारी को एक वेबसाइट लिंक भेजा और उस पर अकाउंट बनवाया. पहली बार में 25 हजार रुपये की ट्रेडिंग कराई गई, जिससे कारोबारी को 17 का मुनाफा दिखाया गया। इसके बाद रिचा ने भरोसे में लेकर धीरे-धीरे रकम बढ़वाई. कुछ ही हफ्तों में व्यापारी ने कुल 14 लाख रुपये ट्रेडिंग के नाम पर ट्रांसफर कर दिए। जब कारोबारी ने वेबसाइट से पैसे निकालने की कोशिश की, तो उससे पहले 30 प्रतिशत टैक्स जमा करने को कहा गया. टैक्स देने के बाद दोबारा 20 प्रतिशत और टैक्स मांगा गया। इस पर व्यापारी को संदेह हुआ और जब उसने पड़ताल की तो पता चला कि पूरी ट्रेडिंग वेबसाइट और प्रोफाइल फर्जी थीं।

कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि व्यापारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले को साइबर थाने को स्थानांतरित कर दिया गया है. साइबर पुलिस इस पूरे ठगी नेटवर्क की जांच कर रही है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया या डेटिंग ऐप्स पर किसी अजनबी से वित्तीय लेन-देन करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें. खासतौर पर जब कोई व्यक्ति रिश्ते, शादी या व्यापार में निवेश के लिए पैसे मांगे, तो सतर्क रहें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## दिल्ली-यमुनोत्री राजमार्ग पर तेज रफ्तार बाइकों में टक्कर, तीन युवकों की मौत, दो गंभीर

देहरादून
हमारे संवाददाता



दुर्घटना में लंबरपुर बरोटीवाला निवासी वेदांश (20), आसन पुल वार्ड नंबर आठ निवासी धोनी कश्यप (20) और हरबर्टपुर के विवेक विहार निवासी रमनदीप (17) की मौत हो गई।

यमुनोत्री हाईवे पर बंशीपुर के पास दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। दुर्घटना में लंबरपुर बरोटीवाला निवासी वेदांश (20), आसन पुल वार्ड नंबर आठ निवासी धोनी कश्यप (20) और हरबर्टपुर के विवेक विहार निवासी रमनदीप (17) की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। इनका उपचार चल रहा है।

### तमंचे में कारतूस लोड करने का वायरल वीडियो का खुलासा

**रुद्रपुर।** सोशल मीडिया पर तमंचे में कारतूस लोड करने की वीडियो वायरल हो रही थी। इस मामले में पुलिस ने चिन्हित कर आरोपी को मय तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके साथ एक युवक को भी चाकू समेत पकड़ा है। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हो रही। उस वीडियो में युवक तमंचे में कारतूस लोड कर रहा। वायरल वीडियो को पुलिस ने गंभीरता से लेकर चिन्तित की कार्रवाई शुरू की। चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली टीम के साथ गश्त कर रहे। तभी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि दो युवक एफएसएल जाने वाले रोड पर घूम रहे हैं।

## नैनीताल समेत कई जिलों में आज बारिश का येलो अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड में मौसम आंख मिचौली खेल रहा है। पल में धूप तो पल में बादल छा रहे हैं। मौसम विभाग ने आज भी पहाड़ी इलाकों में बारिश के आसार जताए हैं।

प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में आज तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून समेत पौड़ी, बागेश्वर और नैनीताल जिले के कुछ इलाकों में तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो 13 सितंबर तक प्रदेश भर में हल्की और तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं। प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से 233 सड़कें बंद हैं, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता राजेश शर्मा के मुताबिक बंद सड़कों को जल्द खोलने का प्रयास किया जा रहा है। उनके मुताबिक दो राष्ट्रीय राजमार्ग, 11 राज्य मार्ग, सात मुख्य जिला मार्ग, दो अन्य जिला मार्ग और 77 ग्रामीण मार्ग बंद हैं। उत्तरकाशी जिले में सबसे अधिक 44 सड़कें बंद हैं। जबकि पौड़ी में 22, टिहरी में 19, चमोली में 42, रुद्रप्रयाग में 28, देहरादून में 12, हरिद्वार में चार, पिथौरागढ़ में 25, अल्मोड़ा में 21, बागेश्वर में पांच, नैनीताल में छह और ऊधमसिंह नगर में पांच सड़कें बंद हैं।

# किच्छा के व्यापारी से लोन सेटेलमेंट कर ट्रक मुरादाबाद बेच 19 लाख ठगे

**किच्छा**

**हमारे संवाददाता**

ट्रक पर लिए ऋण का एक पार्टी से सेटेलमेंट करवाने के बाद उसी ट्रक का सौदा मुरादाबाद कर 19 लाख का चूना लगा दिया। मामला प्रकाश में आने पर पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक किच्छा कोतवाली की बलवंत कालौनी निवासी विशाल फुटेला पुत्र चंद्रमोहन फुटेला ने पुलिस से की शिकायत की।

शिकायत में कहा कि उसने नई सौनेरी किच्छा निवासी तेजपाल पुत्र रोशन लाल से 27 मार्च 2024 को एक ट्रक का सौदा 19 लाख में किया था। ट्रक पर टाटा फाइनेंस से ऋण होने के कारण सौदे मे तय शर्तों के अनुरुप उसके द्वारा टाटा फाइनेंस से सेटलमेंट कर दस लाख रुपये का टाटा फाइनेंस को भुगतान कर दिया गया। इसके साथ ही ट्रक स्वामी तेजपाल से तय शर्तों के अनुरूप सात लाख रुपये



उसके द्वारा एमआर एजेंसी (पंप) पुंडुचेरी को अदा कर दिया गया। इसके साथ ही उसके द्वारा गाड़ी के टैक्स, बीमा व अन्य कागजात मे 2.20 लाख रुपये खर्च कर ट्रक स्वामी तेजपाल को गाड़ी का पूर्ण भुगतान कर दिया है। बताया कि पूर्ण भुगतान करने के पश्चात जब तेजपाल से ट्रक अपने नाम ट्रांसफर करवाने को कहा तो वह टाल मटोल करने लगा। इसी दौरान उसने ट्रक का सौदा मुरादाबाद पार्टी से कर दिया। आरोप

**जांच**

● पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की

है कि तेजपाल के लगातार गाड़ी ट्रांसफर करने में आनाकानी पर शक होने पर जब उसने छानबीन की तो पता लगा तेजपाल ने सौनेरी किच्छा निवासी राजेश शर्मा गोलू पुत्र जगदीश के साथ मिल उसके साथ धोखाधड़ी कर ट्रक मुरादाबाद की पार्टी को बेच दिया है।

मुरादाबाद की पार्टी ने तेजपाल के एचडीएफसी बैंक खाता में 14.90 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए है। इसके साथ ही तेजपाल व राजेश शर्मा ने मुरादाबाद की पार्टी से बाकी के 2.10 लाख रुपये सहित कुल 17 लाख रुपये प्राप्त कर लिए। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने तेजपाल व राजेश शर्मा उर्फ गोलू के खिलाफ धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच की जा रही है।

## दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे: बर्गली



**हल्द्वानी।** भाजपा जिला महामंत्री रंजन बर्गली ने संगठन द्वारा पुन: दूसरी बार जिला महामंत्री भाजपा नैनीताल का दायित्व प्रदान करने के लिए शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,प्रदेश के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट , प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय और जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहाँ अपने दायित्व का पूर्ण निष्ठ से निर्वहन करेंगे और सभी के सहयोग और कुशल मार्गदर्शन में संगठन कार्य को आगे बढ़ाएंगे। बर्गली ने कहाँ कि वह पूर्व में प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा रहें है और युवा शक्ति को संगठन से जोड़कर संगठन कार्य में युवाओं की संगठन कार्य में भागीदारी बड़ाई। वर्तमान में भी वह भाजपा जिला महामंत्री के दायित्व में रहकर लोकसभा, विधानसभा, निकाय तथा पंचायत चुनाव में सभी कार्यकर्ताओ के सहयोग से कार्य कर चुके है और इस अनुभव का लाभ दूसरी पारी में मिलेगा।

## NEWS / फटाफट

### दो आदतन अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज

**हल्द्वानी।** पुलिस ने नशे की तस्करी में लिप्त दो आदतन अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में आपराधिक तत्वों के खिलाफ कड़ा संदेश गया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, क्षेत्राधिकारी नितिन लोहनी और प्रभारी निरीक्षक बनभूलपुरा सुशील कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। बनभूलपुरा क्षेत्र में लगातार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर अवैध तरीके से धन अर्जित कर रहे दो तस्करों के खिलाफ धारा 3/4 गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के अंतर्गत चालानी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम और आपराधिक इतिहास सलमान पुत्र नाजिर, निवासी- लाइन नंबर-18, बनभूलपुरा 79/2025-धारा 8/22/29 एन डी पी एस, 361/2023 -धारा 8/20 एन डी पी एस, 2. फरहान उर्फ बीड़ी पुत्र मोबिन, निवासी लाइन नंबर-5, बनभूलपुरा धारा 8/22/29 एन डी पी एस 145/2023-धारा 8/22 एन डी पी एस में लिप्त है।

### चंद्र ग्रहण के चलते बंद किए मां नयना देवी मंदिर के कपाट

**नैनीताल ।** नगर के मां नयना देवी मंदिर के कपाट रविवार को अपराह्न 12.45 बजे चंद्र ग्रहण के चलते बंद कर दिए गए। मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के मुताबिक अब मंदिर के कपाट सोमवार (आज) सुबह तक बंद रहेंगे दूसरी ओर नैनीताल के एरीज में रात को 8.45 बजे से यूटयूब और फेसबुक में चंद्रग्रहण के सीधा प्रसारण दिखने की तैयारी की गयी है।



### बर्थडे मनाकर लौट रही कार सवार टीचर से छेड़छाड़

**हल्द्वानी।** महिलाएं व युक्तियां कही भी सुरक्षित नहीं है। अक्सर छेड़छाड़ के मामले सामने आ रहे है। अब एक टीचर के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है टीचर परिवार के साथ बहन का बर्थडे मनाकर लौट रही कार सवार टीचर से स्कूटी सवार युवकों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। इस पर टीचर के भाई ने शोहदे युवकों को बुरी तरह पीट डाला और वह घायल हो गए। एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। कोतवाली में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। कठघरिया निवासी युवती ने बताया कि वह निजी स्कूल में पढ़ाती है। बीती रात वह रिश्ते की बहन का बर्थडे मनाने भुजियाघाट गईं थी। रात को लौटते समय स्कूटी सवारों ने उनकी कार का पीछा शुरू कर दिया। स्कूटी सवार टीचर पर कमेंट करने लगे। इस पर कार चला रहा टीचर का भाई कार से उतरा और स्कूटी सवारों को बुरी तरह पीट डाला। इस मारपीट में एक स्कूटी सवार बुरी तरह घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घायल व्यक्ति की ओर से पुलिस को तहरीर देकर उन पर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया। दूसरी ओर टीचर ने छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि जांच के बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

### दी आनंदा अकादमी की सृष्टि का जोनल कराटे चैंपियनशिप रहा दमखम



**हल्द्वानी।** दी आनंदा अकादमी, हल्द्वानी की कक्षा 6की छात्रा सृष्टि थापा ने फेज्-II सेंट्रल ज़ोन कराटे चैंपियनशिप 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरव से रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 6 व 7 सितम्बर को हल्द्वानी में आयोजित की गई थी, जिसका आयोजन नेशनल कराटे फेडरेशन द्वारा किया गया। यह उपलब्धि छात्रों की अथक मेहनत, एकाग्रता एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण है। विद्यालय परिवार उनके इस प्रदर्शन पर गर्व करता है तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना करता है। विद्यालय के प्रबंधक भूपेंद्र सिंह बिष्ट, निदेशिका दीक्षा बिष्ट तथा प्रधानाचार्या माया बिष्ट ने सृष्टि को इस सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दी आनंदा अकादमी को पूर्ण विश्वास है कि यह युवा प्रतिभा आगे भी इसी तरह विद्यालय, नगर और देश का नाम रौशन करती रहेगी।



# 429 वें दिन भी जारी रहा अनूठा पौधरोपण अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 429 वें दिन भी जारी रहा।

बता दें दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में रविवार को अभियान के 429 वे दिन मेरा पौधा मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत पौधारोपण को ग्रामीणों से जोड़ने के क्रम में डीडीहाट के भनडा ग्राम के ग्रामीणों को जोड़ा गया। दिनेश गुरु रानी द्वारा ग्रामीणों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि मुखय उद्यान अधिकारी के सहयोग से उनके माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण को दो- दो पौधे कुल 3000 पौधे माल्टा तथा संतरा व कागजी नींबू के वितरित किए गए साथ ही क्षेत्र पंचायत सदस्य गीता कन्याल व ग्राम प्रधान शंकर कन्याल के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया।

# नैनीताल में सड़क किनारे बेतरतीब पार्क वाहन बन रहे जाम का झाम

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

नगर के नैनीताल- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में तल्लीताल धर्मशाला से जिला जेल तक के गेट के आस पास क्षेत्र तक सड़क किनारे पार्क वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। पुलिस ने लोगों से सड़क किनारे पार्क वाहनों को हटाने की अपील की है।

बता दें कि नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में पार्किंग की समस्या के चलते लोग वाहन सड़क किनारे पार्क करने के लिए मजबूर हैं। लेकिन सड़क में पार्क वाहनों से जाम लगने की समस्या भी होती है। बीते लंबे समय से लोग तल्लीताल धर्मशाला से जेल गेट तक वाहन पार्क कर रहे हैं। वीकेंड के दौरान सड़क के किनारे वाहन पार्क होने से कई बार जाम लग रहा है। जिससे आवाजाही करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी पुलिस सड़क से पार्क वाहनों को नहीं हा पा रही है।

तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी मनोज नयाल ने बताया कि मेले के कारण इस बार वीकेंड ज्यादा दबाव वाला था। आगे सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों पर नजर रख चालानी कार्रवाई की जाएगी।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# प्रतिबंधित नशे के इंजेक्शन के साथ यूपी का तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी /देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

पुलभट्टा पुलिस ने संदिग्धों की चैकिंग के दौरान एक यूपी निवासी व्यक्ति को प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात पुलभट्टा थाने के एसआई धीरज वर्मा अपने साथी एएसआई प्रताप सुयाल, दीपक बिष्ट,विजय सिह के साथ क्षेत्र में देखरेख शान्ति व्यवस्था,सुरक्षा व्यवस्था, संदिग्धों की चैकिंग के लिए पुराना बरेली रोड तिराहे पर पहुंचे। इसी बीच बरेली बहेडी की तरफ से एक व्यक्ति पैदल- पैदल आता दिखायी दिया। वह पुलिस चैकिंग देख पीछे मुड बहेडी की तरफ जाने लगा। पुलिस ने उसको घेराबंदी कर आवश्यक बल प्रयोग कर पुराना बरेली रोड तिराहे से कुछ ही दूरी पर पकड लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम भानुप्रताप पुत्र लीलाधर निवासी ग्राम दमखोदा थाना बहेडी जिला बरेली यूपी हाल निवासी सौरभ होटल के सामने हल्द्वानी नैनीताल बताया। उसके पास एक सफेद रंग का थैला मिला।

थैले में एक डिब्बा था। जिसमें इंजेक्शन रखे थे। इंजेक्शन रखने का लाईसेन्स तलब किया तो दिखा नहीं पाया। पूछताछ पर बताया कि वह हल्द्वानी में आटो चलाता है और इंजेक्शन का नशा करने का आदि हूं व नशा करने के साथ- साथ अन्य नशेडियों को उचित दामों पर इंजेक्शन बेचने की भी बात बताई। उसने पुलिस को यह भी बताया कि वह बहेडी बरेली में अरमान नाम के लडके से ये इंजेक्शन लेकर आया हूँ। बहेडी स्टेशन में दे गया था। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# नैनीझील में स्विमिंग व कयाकिंग की हुई प्रतियोगिताएं

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में रविवार को नैनीताल एक्रेटिक एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन (नासा) द्वारा स्वर्गीय शिव राणा की स्मृति में उनके भाई गौरी राणा व परिवार के सहयोग से जीवनदायिनी नैनीझील में स्विमिंग और कयाकिंग की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, खास बात यह है कि प्रतियोगिता में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

इससे पूर्व नगर की प्रथम नागरिक व नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने नासा परिवार से जुड़े प्रतिनिधियों व सभी प्रतिभागियों व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और विजयी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए।



उन्होंने घोषणा की कि नासा के लिए कयाकिंग नौकाओं की खरीद हेतु विधायक निधि से दो लाख रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं सूबे के मुखयमंत्री खेलों को बढ़ावा दे रहे हैं। नैनीताल झील जैसे प्राकृतिक झील को जल क्रीड़ा गतिविधियों के माध्यम से महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने विजेताओं को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद नैनीताल नैनी झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु नासा की हरसंभव मदद करेगी तथा जलक्रीड़ा खिलाड़ियों के लिए तल्लीताल स्थित सेंट जोसेफ बोट हाउस के समीप चेंजिंग रूम और शौचालय जैसी सुविधाएँ मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि नासा के खेल नौकाओं के लिए बोट स्टैण्ड भवन की व्यवस्था हेतु जिला मजिस्ट्रेट को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

# अभिमत



## समाज की दिशा

***हमें गन कल्चर से बाहर आना चाहिए, यह देवभूमि है। दरअसल पंचायत चुनाव के दौरान सदस्यों का अपहरण और मतदान स्थल पर फायरिंग से कानून व्यवस्था की दृष्टि से शांत राज्य की छवि पर दाग लग गया। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। उत्तराखंड के स्कूल में कक्षा नौ के छात्र ने शिक्षक को गोली मार दी। एक छात्र ने अपने ही स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दे डाली। इन घटनाओं से स्पष्ट संकेत मिलता है कि समाज की दिशा और दशा बदल गई है।***

उत्तराखंड में अपराधों पर नियंत्रण में पुलिस असफल रही है। देवभूमि में बढ़ते अपराधों के लिए सिर्फ पुलिस को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। उच्च न्यायालय ने कहा कि समाज किस दिशा में जा रहा है? हमें गन कल्चर से बाहर आना चाहिए, यह देवभूमि है। दरअसल पंचायत चुनाव के दौरान सदस्यों का अपहरण और मतदान स्थल पर फायरिंग से कानून व्यवस्था की दृष्टि से शांत राज्य की छवि पर दाग लग गया। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। उत्तराखंड के स्कूल में कक्षा नौ के छात्र ने शिक्षक को गोली मार दी। एक छात्र ने अपने ही स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दे डाली। इन घटनाओं से स्पष्ट संकेत मिलता है कि समाज की दिशा और दशा बदल गई है। अपने पिता की पिस्टल टिफिन बाक्स में लेकर छात्र स्कूल पहुंचा और शिक्षक पर गोली चलाई। पुलिस ने उसके पिता को गिरफ्तार किया। हाईकोर्ट ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पुलिस से पूछा कि उसके घर की तलाशी क्यों नहीं ली गई? अवैध हथियारों के मामले में जड़ को नहीं पकड़ा जायेगा, तो तस्कर अवैध हथियार बेचते रहेंगे। जैसे नशे का काम करने वाले एक आरोपी के पकड़े जाने पर माफिया दूसरे से काम शुरू करवा देता है। नशा और अवैध हथियार सप्लायरों को पकड़ा जाना चाहिए। अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों को बंद कराना होगा, इनका पता लगाने में खुफिया तंत्र को सक्रिय होना होगा। पुलिस महानिदेशक के अनुसार राज्य में करीब साढ़े चार हजार शस्त्र लाइसेंस हैं। पिछले तीन साल में डेढ़ हजार से ज्यादा अवैध तमंचों के मामले दर्ज किये गये। अवैध हथियारों के दर्ज मामले नाकाफी हैं। पुलिस अधिकारी अनाधिकृत तौर पर यह स्वीकार करते हैं कि हरिद्वार और उधमसिंहनगर में अवैध हथियार का धंधा जोरों पर है। लाइसेंसधारक भी वैध हथियार के साथ अवैध हथियार रखते हैं। ज्यादातर अवैध हथियार, अवैध शराब और नशीले पदार्थ उत्तर प्रदेश से तस्कर लाते हैं। उधमसिंहनगर में अवैध हथियार की फैक्ट्री पकड़ी जा चुकी हैं। कच्ची शराब बनाने का धंधा तो तराई क्षेत्र में कभी बंद नहीं हो पाता है। पुलिस की सक्रियता से अवैध हथियार और नशे पर कुछ हद तक अंकुश लग सकता है, पूरी तरह बंद होना कठिन है। छात्र द्वारा शिक्षक को गोली मारने और बम से उड़ाने के मामले में स्कूल प्रशासन तथा अभिभावकों को जागरूक होना पड़ेगा।

# रोडवेज संयुक्त मोर्चे के हल्द्वानी स्टेशन पर प्रदर्शन



**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बस स्टेशन में संयुक्त मोर्चे के तत्वावधान में सोमवार को धरना-प्रदर्शन कर अपना आक्रोश प्रकट किया, हल्द्वानी बस स्टेशन पर धरना-प्रदर्शन सवेरे 10 बजे से सायं 5 बजे तक चला,जिसमे वक्ताओं ने परिवहन निगम की वर्तमान स्तिथि पर गहरी चिंता जताई,दो माह से वेतन न मिलने ,वेतन को हर डिपो में अलग-अलग तिथि में देना,कर्मचारियों का वेतन एजेंसी/विशेष श्रेणी/संविदा/नियमित का अलग-अलग तिथि में देना,प्रदेश में भारी मात्रा में चल रही डग्गामारी में अंकुश न लगना,अनुबंधित वाहनों का विभाग में बढ़ता प्रभुत्व निगम को कमजोर करना है,पूरे प्रदेश में आय में लगातार कमी से निगम प्रबंधन का तंत्र पूरी तरह फेल है,सोमवार को धरना-प्रदर्शन पर उत्तराँचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन,उत्तराखंड रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन,एस सी एस टी श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने इसमें शिरकत की,वक्ताओ ने कहां की अगर कर्मचारियों के वेतन को जल्द न दिया गया तो सँयुक्त मोर्च के द्वारा मंगलवार को मंडलीय प्रबंधन संचालन के कार्यालय में धरना-प्रदर्शन होगा जबकि बुधवार को सभी डिपो में कार्य बहिष्कार किया जायेगा, जिसके लिए सभी डिपो के अध्यक्ष/मंत्री को जिम्मेदारी दी गई है।

### काठगोदाम में भी गरजे सँयुक्त मोर्चे के पदाधिकारी

**काठगोदाम।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चे के पदाधिकारियों ने वेतन न मिलने से कर्मचारियों का पारा चढ़ गया, मोर्चे के पदाधिकारियों ने सवेरे 10 बजे से 5 बजे तक निगम प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेताया की अगर नही चेते तो कर्मचारियों का सैलाब अग्र रूप से आंदोलन करेगा,काठगोदाम डिपो परिसर में सँयुक्त मोर्चे के तत्वावधान में रोडवेज कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष आंनद बिष्ट,शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट,शाखा मंत्री शशिकांत गौतम, रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकुमार,क्षेत्रीय मंत्री अजय शर्मा, शाखा अध्यक्ष हेमंत गड़िया, शाखा मंत्री पवन कुमार, एस सी एस टी श्रमिक संघ के किशन आर्या, कैलाश कांडपाल, गर्वित तिवारी, धर्मेंद्र कूवेराली,नीरज कन्याल, रेहान अली,गुलाम मोइन , किशोरी लाल,राज कश्यप,कुलदीप शर्मा, जसवीर पाल सिंह,प्रदीप शर्मा, लाखन सिंह,सतीश लाल,शिव कुमार,गुरमीत सिंह,हेम आर्या,राकेश आर्या,कुलदीप सिंह,अजय श्रीवास्तव, यूनिस खां,ललित पांडे,मनोज जीना,दुर्गा प्रसाद सहित कई कर्मचारी शामिल रहे।

### समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों के साथ बैठक

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल थाने में जन समस्याओं को जानने के लिए पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक की, इसमें समस्या तथा उनके समाधान को लेकर भी सुझाव लिए गए।

रविवार को तल्लीताल थाने में एसओ मनोज नयाल ने तल्लीताल क्षेत्र के कारोबारियों समेत टैकसी चालकों व अन्य स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने लोगों से क्षेत्र की समस्याओं के विषय में जानकारी ली। लोगों ने क्षेत्र में नशा, पार्किंग की समस्या का समाधान तथा बाहरी टैकसी वाहनों व बाइकों पर रोक लगाने की मांग की। वहीं पुलिस ने लोगों को साइबर ठगी की जानकारी व उससे बचने के उपाय भी बताए। एसओ मनोज नयाल ने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ समन्वय बनाकर पुलिस हर समस्या पर कार्य करेगी। इसमें तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन साह समेत टैकसी यूनियन पदाधिकारी तथा व्यापारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी के आरोपी महिला व पुरुष को दो साल कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा

**नैनताल**

**हमारे संवाददाता**

अपर सिविल जज (जू0डि0) नैनीताल स्नेहा नारंग की अदालत ने जमीन क्रय विक्रय में धोखाधड़ी के आरोपी एक महिला व एक पुरुष को दोषी ठहराते हुए उन्हें दो- दो साल के कारावास व 10-10 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है । आरोपी भीमताल निवासी गीता देवी और जोसेफ जॉन हैं ।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी अश्विनी प्रसाद ने अकटूबर 2012 में अभियुक्त गीता देवी और जोसेफ जॉन से मुलाकात की। जोसेफ ने अश्विनी को गीता देवी से मिलवाया जिसने खुद को एक जमीन की पॉवर ऑफ अटॉर्नी होल्डर बताया। दोनों ने अश्विनी से 3.25 लाख रुपये प्रति नाली के हिसाब से जमीन खरीदने का सौदा तय किया। वादी ने अभियुक्तों के कहने पर 12 जनवरी 2012 से 16 मार्च 2015 के बीच कुल 6.33 लाख रुपये गीता देवी और जोसेफ जॉन की पत्नी कांता जोसेफ के बैंक खातों में ट्रांसफ र किए। वादी ने यह धनराशि किश्तों में दी कयोंकि अभियुक्तों ने उसे बताया कि जमीन के मालिक अशोक कुमार को इलाज के लिए पैसों की जरूरत है हालाँकि अभियुक्तों ने न तो जमीन की रजिस्ट्री की और न ही पैसे वापस दिए। उसके बाद अकटूबर 2016 में अश्विनी प्रसाद को पता चला कि जमीन के मालिक अशोक कुमार की मृत्यु 2014 में ही हो चुकी थी लेकिन अभियुक्तों ने यह जानकारी उससे पूरे 2 साल तक छुपाए रखी, जब वादी ने अपने पैंसे वापस मांगे तो अभियुक्तों ने टालमटोल करना शुरू कर दिया, बाद में भीमताल थाने में दोनों पक्षों के बीच एक समझौता हुआ जिसके तहत अभियुक्तों ने पैसे वापस करने की सहमति दी और 6.33 लाख रुपये के चार चेक दिए लेकिन ये सभी चेक बाउंस हो गए। इसके बाद वादी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय में 156 (3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत एक याचिका दायर की। न्यायालय ने पाया कि अभियुक्तों ने वादी से छल किया और उसे धोखे से पैसे देने के लिए प्रेरित किया। यह भी साबित हुआ कि अभियुक्तों ने जानबूझकर जमीन के मालिक की मृत्यु की जानकारी छिपाई और वादी के साथ धोखाधड़ी की। अभियुक्तों के वकील ने यह तर्क दिया था कि वादी ने पहले ही दिल्ली के एक न्यायालय में धारा 138 एनआई एकट के तहत एक मामला दर्ज किया है इसलिए यह मामला विचारणीय नहीं है हालाँकि न्यायालय ने इस तर्क को खारिज कर दिया यह कहते हुए कि दोनों मामलों के तथ्य और कानूनी आधार अलग-अलग हैं। न्यायालय ने यह भी कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और एनआई एकट की धारा 138 के अपराधों के लिए अलग.अलग विचारण किया जा सकता है। इस फैसले के बाद दोनों दोषियों को न्यायिक हिरासत में लेकर नैनीताल जिला कारागार भेज दिया गया।

# फिल्मी दुनिया

## शाहरुख के बाद किंग के सेट से सुहाना खान का पहला लुक आया सामने?





*सोशल मीडिया पर एक लड़की की तस्वीर वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि यह तस्वीर फिल्म किंग में सुहाना खान का लुक है। शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान अपनी अपकमिंग फिल्म किंग को लेकर सुर्खियों में हैं। फैंस को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। फैंस अटकलें लगा रहे हैं कि यह तस्वीर सुहाना खान की है। तस्वीर में एक लड़की नजर आ रही है। फैंस कह रहे हैं कि यह सुहाना खान का किंग का लुक है। माना जा रहा है कि सोशल मीडिया पर जो तस्वीर वायरल हो रही है वह पोलैंड में हो रही किंग की शूटिंग के दौरान की है। तस्वीर में एक लड़की नजर आ रही है। फैंस का दावा है कि यह लड़की सुहाना खान है। वायरल हो रही तस्वीर बहुत साफ नहीं है। यह बहुत दूर से ली गई है। लड़की ने डेनिम जींस और सफेद स्वेटर पहना है। हालांकि इस बात की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है कि तस्वीर में दिख रही लड़की सुहाना खान ही हैं। हाल ही में सुहाना खान को पोलैंड के वारसॉ में एक रेस्टोरेंट के सामने स्पॉट किया गया था। यहां शाहरुख खान ने वीकएंड पर अपनी फिल्म की शूटिंग पूरी की थी। इसी जगह से शाहरुख खान की फिल्म किंग का लुक वायरल हुआ था।*

### करण ने की सुहाना की तारीफ

*सुहाना खान सबसे पहले जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज में नजर आईं थीं। अब वह अपने पिता के साथ किंग का हिस्सा होंगी। बताया जाता है कि फिल्म में सुहाना का अहम किरदार होगा। हाल ही में करण जौहर ने सुहाना खान की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था मुझे लगता है कि लोग सुहाना खान को देखेंगे और पसंद करेंगे। मैंने उन्हें एक छात्र के रूप में देखा है। मैंने उनके काम को देखा है।*

## राष्ट्रीय स्तर पर महाशिखर सममेलन का आयोजन

**देहरादून/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजधानी देहरादून में रविवार को ऋ षिकुल योगपीठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर महाशिखर सममेलन का आयोजन किया गया जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, वहां जस गोविन पबलिक स्कूल हल्द्वानी की रबर डॉल के नाम से मशहूर कक्षा 4 की छात्रा हर्षिका रिखाड़ी को योग के क्षेत्र में एक बार फि र योग रत्न सममान से सममानित किया गया, साथ ही साथ हर्षिका ने वहां एक आर्टिस्टिक योग प्रस्तुति देकर बेस्ट योग परफ ोर्मेंस का भी अवॉर्ड प्राप्त किया।

बता दें कि इससे पूर्व हर्षिका को पिछले साल दिल्ली में योग रत्न से सममानित किया गया था। हर्षिका की इस अहम कामयाबी पर स्कूल के प्रधानाचार्या ऊषा रजवार ने हर्षिका को बधाई दी और पूरे स्कूल में हर्षो उल्लास का माहौल है। हर्षिका के साथ साथ पिता भुवन रिखाड़ी को भी वहां सममानित किया गया। हर्षिका की इस कामयाबी पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



# श्री शिव मंदिर चौरासी घंटा मंदिर मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला प्रारंभ

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



रम्पुरा श्री श्री शिव मंदिर चौरासी घंटा कमेटी की ओर से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और उनके अनुज संजय ठुकराल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा पूजा-अर्चना कर रामलीला मंचन का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का स्वागत किया और उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता जगदीश लाल ठुकराल ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ठुकराल ने कहा कि चौरासी घंटा कमेटी द्वारा रामलीला मंचन की यह परंपरा कई वर्षों से निरंतर चल रही है, जो समाज को सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम केवल एक धार्मिक चरित्र नहीं बल्कि आदर्श पुरुष हैं, जिनके जीवन से समाज को सच्चाई, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग की प्रेरणा मिलती है। रामलीला केवल एक नाटक नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला है। आज के समय में जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब भगवान श्रीराम की लीला हमें धर्म के मार्ग पर अडिग रहने, अन्याय और अधर्म के खिलाफ डटकर खड़े होने तथा अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देती है। आने वाली पीढ़ियों को यदि हम इस लीला से जोड़ेंगे, तो निश्चित रूप से समाज और अधिक मजबूत और संस्कारित बनेगा। इस दौरान विशिष्ट अतिथि संजय ठुकराल, आनंद शर्मा, राजू गुप्ता, मौजूद रहे। वहीं महंत पंडित नरेश चंद शर्मा, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लालमन कोली,किशन कोली, कोषाध्यक्ष शंकर कोली, वासुदेव भगत, भगवान दास, चंद्रपाल कोली, विनोद कोली,महेश कोली, सत्ता, आशीष श्रीवास्तव, दिनेश कोली, अमलेश कोली,रोशन लाल कोली, मनोज कोली,अनिल कोली, शुभम कोली मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### संदिग्ध परिस्थितियों में कारोबारी ने जहरीला पदार्थ का सेवन किया

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक कारोबारी ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया जिसे आनन फानन में उसे सुशीला तिवारीअस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस के अनुसार, जसपुर (यूएस नगर) निवासी 45 वर्षीय विकास कुमार में अपने परिवार के पास आए थे। उनकी पत्नी मुखानी क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं और परिवार यहीं रहता है। शनिवार रात विकास ने अचानक विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उन्हें तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान सुबह उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। साथ ही परिजनों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे के कारण स्पष्ट हो सकें। अचानक हुई इस घटना से परिवार और जानने वालों में शोक की लहर है। पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने तीन माह पहले पहाड़गंज में हवाई फायरिंग करने वाला आरोपी दबोचा

**रुद्रपुर।** रम्पुरा पुलिस ने तीन माह पहले पहाड़गंज में हवाई फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कार्वाई शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक तीन माह पहले पहाड़गंज में हवाई फायरिंग हुई थी। इस मामले में पुलिस पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। रविवार रात चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले। पुलिस किच्छा रोड शांति व्यवस्था, संदिग्धों की चैकिंग करते हुए खेड़ा पुल के पास पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी, कुछ माह पहले पहाड़गंज में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। वह व्यक्ति दूधिया बाबा मंदिर से पहले सडक के किनारे खडा है बरेली भागने की फिराक में हैं।

# नाबालिग समेत दो युवक चोरी की दो बाईकों के साथ गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



पुलिस की चैकिंग देख संदिग्ध दो बाईक सवार युवक भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। दोनों के पास बाईकें चोरी की मिली। गिरफ्तार युवकों में एक नाबालिग है। पुलिस दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही।

पुलिस के मुताबिक चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह साथी एएसआई नवीन जोशी, एएसआई अमित कुमार, कांस्टेबल दीप चंद्र मॉडल कालोनी तिराहे के पास संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर रहे। इसी बीच रेलवे स्टेशन की ओर दो बाईक सवार आ रहे और पुलिस की चैकिंग देख बाईक मोड़ भागने की कोशिश की। पुलिस ने दोनों बाईक सवारों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस ने दोनों से बाईकों के कागजात दिखाने को कहा। वह कागजात नहीं दिखा पाए। पुलिस ने दोनों से सख्ती से पूछताछ की तो दोनों ने बाईक चोरी करने की बात कबूल किया। पूछताछ में अपना नाम सूरज राय उम्र-22 वर्ष पुत्र अशोक कुमार राय निवासी वार्ड 11 संजय नगर खेड़ा बसन्ती मन्दिर के पास थाना ट्रांजिट कैंप बताया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवकों में एक नाबालिग है। पूछताछ में बताया कि वह शौक पूरा करने के लिए चोरी करना बताया। नाबालिग गोलमयईया थाना ट्रांजिट कैंप का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि पकडे चोरों से बिना नंबर की बाईकें है। कोतवाल ने बताया कि बालिग को कोर्ट में पेश करने की कार्वाई की जा रही है। जबकि नाबालिग को भी किशोर कोर्ट में पेश करने की कार्वाई की जा रही है। दोनों के परिजनों को अवगत कराया गया है। निरीक्षक ने बताया कि सूरज कुछ समय पहले ही जेल से जमानत पर आया है, उसके खिलाफ ट्रांजिट कैंप थाने में जान लेवा हमले का मुकदमा दर्ज है।

# तीन नामजद समेत छह पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

हरिद्वार

हमारे संवाददाता

रुड़की में एक वर्ष पूर्व तालाब में मिले युवक के शव के मामले में नया मोड़ सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर गंगनहर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद समेत छह पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार माधोपुर गांव में सोहलपुर गाड़ा निवासी वसीम की लाश 24 अगस्त 2024 को तालाब से बरामद हुई थी। मृतक के चचेरे भाई अल्लाउद्दीन ने हरिद्वार के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में एक याचिका दायर कर पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए थे।

कहा कि 24 अगस्त की रात जब वसीम अपनी बहन के घर से लौट रहा था तब माधोपुर गांव के तालाब के पास गोवंश संरक्षण स्क्वॉड के उपनिरीक्षक शरद सिंह, कांस्टेबल सुनील सैनी, प्रवीण सैनी और तीन अन्य पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने वसीम को पहले लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा और फिर उसे तालाब में फेंक दिया। अल्लाउद्दीन का आरोप है कि जब वसीम मदद के लिए पुकार रहा था तो गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और उन्होंने टॉर्च की रोशनी में पूरी घटना देखी। उन्होंने वसीम को बचाने की कोशिश भी की लेकिन पुलिसकर्मियों ने उन्हें गोली मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। अगले दिन वसीम का शव तालाब से मिला, जिस पर चोट के निशान भी थे। परिजनों ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई लेकिन तब कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद परिजनों ने न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

एसपी देहात शेखर सुयाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद गंगनहर कोतवाली पुलिस ने अब उपनिरीक्षक शरद सिंह, कांस्टेबल सुनील सैनी, प्रवीण सैनी और तीन अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है, मामले की जांच चल रही है।

# पेंशन बढ़ाने व रोजगार देने समेत विभिन्न मांगो को लेकर दिव्यांगों का मुख्यमंत्री आवास कूच, किया प्रदर्शन

देहरादून

हमारे संवाददाता

पेंशन बढ़ाने व रोजगार देने समेत विभिन्न मांगो को लेकर दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री आवास कूच किया। इस दौरान पुलिस ने दिव्यांगों को हाथीबड़कला में रोका, लेकिन दिव्यांग मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच गए।

इस दौरान दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री आवास के सामने जमकर प्रदर्शन किया। दिव्यांगों ने मांग रखी कि उनकी पेंशन को 1500 से बढ़ाकर पांच हजार रुपये किया जाए। इसके अलावा बिना इंटरेस्ट के लोन दिया जाए। साथ ही दिव्यांगों ने विभिन्न मांगे रखी। कुछ देर प्रदर्शन के बाद जब एसएसपी अजय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह ने भी दिव्यांगों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस ने दिव्यांगों को मुख्यमंत्री आवास के सामने से हिरासत में लिया। प्रदर्शन में दिव्यांगों के विभिन्न संगठन शामिल हुए। उत्तराखंड के विभिन्न शहरों से दिव्यांग दून पहुंचे।



# गायकों ने भजन और गजल से रंग जमाया

**रुद्रपुर।** प्रतिष्ठित सांस्कृतिक व नाट्य संस्था युगमंच एवं शारदा संघ की संयुक्त पहल पर चंद्रेश साह शक्ति के विशेष सहयोग आयोजित डॉ. सुशीला साह मेमोरियल लोकगीत एवं सुगम संगीत प्रतियोगिता के दूसरे दिन यानी रविवार को गायकों ने भजन और गजल से रंग जमाया। प्रतियोगिता में कुल 51 प्रतिभागियों ने अपने सुरों से सभी को सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बता दें रविवार को सुगम संगीत एवं लोकगीत में जूनियर वर्ग में 35 व सीनियर वर्ग में 18 बाल कलाकारों ने प्रतिभाग किया ।

# कोहरा छाने और हल्की ठंड से वाइरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ी

नैनीताल

हमारे संवाददाता



सितंबर माह के पहले पखवाड़े में बरसात के साथ कोहरा छाने और गुनगुनी ठंड शुरू होने से वाइरल फीवर के मरीजों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं,दूसरी ओर अब इन दिनों राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है।

बता दें नगर में इन दिनों बारिश और कोहरे से सुबह व शाम को गुनगुनी ठंड होने लगी है वहीं पूरे दिन घना कोहरा छाने से लोगों की दुश्वारियां भी बढ़ने लगी हैं। ठंड व कोहरे के चलते लोग बीमार पड़ रहे हैं। राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.महिमन सिंह दुग्ताल के मुताबिक बरसात व कोहरे के चलते अस्थमा के मरीजों को दिक्कतें हो रही हैं वहीं नैनीताल में ठंड और बारिश में भीगने से लोग वायरल के शिकार हो रहे हैं। अस्पताल में उनके पास रोजाना 100 से ज्यादा वायरल के मरीज पहुंच रहे हैं। जिनको उपचार के साथ ही सलाह दी जा रही है। डा.दुगताल के मुताबिक मरीजों को ठंड से बचना चाहिए, साथ ही ज्यादा दिक्कत होने पर चिकित्सक से जरुर सलाह लेनी चाहिए।

# धूमधाम से मनाया सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल का स्थापना दिवस

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल के प्रतिष्ठित सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल का स्थापना दिवस सोमवार को बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा पौधारोपण और दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला अधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति को संजोना हम सभी की जिम्मेदारी है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर मंजूषा ने मुख्य अतिथि, निर्णायकों और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस उत्सव का उद्देश्य सबको साथ लेकर चलना और एक-दूसरे से प्रेरणा लेना है। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नाटक, नृत्य नाटिका, समूह गीत और काव्य पाठ जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का विषय 'शांति और सद्भाव' रहा। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. हरिप्रिया पाठक, डॉ. रितेश साह, डॉ. गगनदीप होटी, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. रीना सिंह, दीपक बलानी, मंजू पाल, नीरज सिंह, राकेश साह और सुप्रिता साह शामिल रहे। इस मौके पर सिस्टर शीबा, सिस्टर सीमा, सिस्टर ग्रेस, शेरवुड के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू, अंजना रिचर्ड्स, ब्रदर्स सैविस्टन, बीना रावल, सिस्टर शैलजा जोशी, नमिता, डोनिया, दीप्ती, शालिनी, अर्जुन बोहरा, संदीप सिंह, रवि कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।